काष्ठ एवं अकाष्ठ प्रजातियों के उम्मीदवार वृक्षों का चयन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (9-13.06.2025)

भा.वा.अ.शि.प. – उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर में उच्च गुणवत्ता वाले वृक्षों के सही चयन हेतु "काष्ठ एवं अकाष्ठ प्रजातियों के उम्मीदवार वृक्षों का चयन" विषय पर छत्तीसगढ़ वन विभाग के 20 अधिकारी के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

माननीय श्रीमती कंचन देवी , भा.व.से., महानिदेशक भा.वा.अ.शि.प. देहरादून , ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। माननीय महानिदेशक जी ने प्रतिभागियों के साथ बातचीत की और पौधारोपण कार्यक्रम के लिए उम्मीदवार प्लस पेड़ों से एकत्रित बीजों के महत्व पर प्रकाश डाला। महानिदेशक जी ने भा.वा.अ.शि.प. – उ.व.अ.स. के वैज्ञानिकों के प्रयासों की सराहना की जिन्होंने इस प्रकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. एच.एस. गिनवाल, भा.वा.अ.शि.प. – उ.व.अ.स. के निदेशक, ने उत्पादकता बढ़ाने के लिए गुणवत्ता वाले पौधारोपण सामग्री के महत्व की विस्तृत व्याख्या की और प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राप्त ज्ञान को अपने क्षेत्र में लागू करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. नसीर मो. प्रशिक्षण समन्वयक एवं प्रमुख , आनुवंशिकी और वृक्ष सुधार प्रभाग , ने प्रशिक्षण के लिए नियोजित व्याख्यान और वार्ताओं को साझा किया, जिसमें सीपीटी के चयन और इसके फील्ड प्रैक्टिस, बांस, सागौन और अन्य महत्वपूर्ण वाणिज्यिक प्रजातियों का प्रवर्धन , कीटों और रोगों का प्रबंधन, रिमोट सेंसिंग, आदि शामिल थे। श्री निखिल वर्मा, डॉ. हरिओम सक्सेना एवं डॉ फातिमा शिरीन, सहा. प्रशिक्षण समन्वयक भी, प्रशिक्षण उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित थे। महानिदेशक , भा.वा.अ.शि.प. द्वारा प्रशिक्षार्थी के लिए एक प्रशिक्षण मैनुअल का भी विमोचन किया गया I

Indian Council of Forestry Research and Education
Tropical Forest Research Institute
Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Govt.of India
Dr. H. S. Ginwal
Smt. Kanchan Devi, IFS
Director General, ICFRE
Smt. Neelu Singh
Dr. Naseer Mohammd
Training Coordinator

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार
Dr. H. S. Ginwal
Smt. Kanchan Devi, IFS
Director General, ICFRE
Smt. Neelu Singh
Dr. Naseer Mohammad
Training Coordinator